दिवाली से पहले मिलेगी पीएम-किसान निधि की 12वीं किस्त

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- मोदी 17 अक्टूबर को जारी करेंगे किस्त, 10 करोड़ से अधिक लाभान्वित होंगे
- पूसा में दो दिवसीय राष्ट्रीय एग्री स्टार्टअप कान्क्लेव और किसान सम्मेलन होगा

दिवाली से पहले किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त मिल जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अक्टूबर को पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित समारोह में इस किस्त को जारी करेंगे। मोदी दो दिवसीय राष्ट्रीय एग्री स्टार्टअप कान्क्लेव और किसान सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद देश के किसानों को भी संबोधित करेंगे। सम्मेलन में देशभर से तकरीबन 25 हजार से अधिक उन्नत खेती करने वाले किसानों को आमंत्रित किया गया है।

दिवाली से पूर्व किसानों को पीएम-किसान निधि की दो हजार रुपये की 12वीं किस्त का बेसब्री से इंतजार है। अनुमान है कि इस बार कुल 10 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में तकरीबन 20 हजार करोड़ रुपये पहुंचा दिए जाएंगे। पीएम-किसान सम्मान निधि से देश के कुल 11.30 करोड़ किसानों को 11 किस्तों में कुल 2.10 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। किस्त जारी करने से पहले कृषि मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों को अपने यहां किसानों की पात्रता की जांच करने का निर्देश दिया है। जिनके बैंक खाते, आधार नंबर, जमीन का डिजिटल ब्यौरा समेत निर्धारित मानक पूरे नहीं होंगे, इस बार उनकी किस्त रोकी जा सकती है।

प्रगतिशील किसानों को किया गया आमंत्रित

पूसा मेला ग्राउंड में होने वाले 17 और 18 अक्तूबर के राष्ट्रीय स्टार्टअप कान्क्लेव और किसान सम्मेलन में उन किसानों प्रतिनिधियों को बुलाया गया है, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में अपनी उन्नत खेती के बल पर अपनी आमदनी को दोगुना कर लिया है। आयोजन में 300 से ज्यादा स्टार्टअप स्टाल लगाए जाएंगे। कृषि क्षेत्र में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की रफ्तार परियोजना के तहत कुल 3000 से अधिक स्टार्टअप वाले उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगामी तीन वर्षों के भीतर कुल 5000 स्टार्टअप उद्यमियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। जिन स्टार्टअप ने बेहतर प्रदर्शन किया है, उनकी उपलब्धियों का कृषि क्षेत्र में उपयोग करने पर बल दिया जाएगा। देश में स्टार्टअप को विकसित करने के लिए सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये के सीड फंड का प्रविधान किया है।